# स्पेशल टास्क फोर्स, उ0प्र0 लखनऊ।

## प्रेस–नोट संख्याः 250, दिनांक 22–08–2024

### रू0 1,00,000/– का पुरस्कार घोषित कुख्यात अपराधी अंकित यादव जनपद पाकुर (झारखण्ड) से गिरफ्तार।

दिनाक 22–08–2024 को एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को रू0 1,00,000/– का पुरस्कार घोषित कुख्यात अपराधी अंकित यादव को जनपद पाकुर (झारखण्ड) से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–**

अंकित यादव पुत्र बंशी यादव निवासी लक्ष्मीकुण्ड, थाना लक्सा, जनपद वाराणसी।

**गिरफ्तारी का स्थान/दिनांकः–**

अन्नपूर्णानगर कॉलोनी थाना पाकुर नगर कोतवाली जनपद पाकुर (झारखण्ड) दिनांक 22–08–2024

एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को विगत काफी दिनों से फरार/पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर अपराध करने एवं अन्य अपराधों में लिप्त होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थीं। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयो/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुक्रम में पुलिस उपाधीक्षक श्री शैलेश प्रताप सिंह एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, वाराणसी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक श्री अमित श्रीवास्तव, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, वाराणसी द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के दौरान ज्ञात हुआ कि दिनांक 30–06–2024 को जनपद वाराणसी के थाना दशाश्वमेध क्षेत्रान्तर्गत दिन–दहाड़े अंकित यादव उपरोक्त ने अपने गैंग के साथियों के साथ मिलकर अपने प्रतिद्वंदी दिनेश यादव के घर पर चढ़कर जान मारने की नियत से अन्धाधुन्ध फायरिंग की गयी, जिसमें दिनेश यादव सहित कुल 03 लोग गोली लगने से बुरी तरह से घायल हो गये। मौके पर दहशत का माहौल पैदा हो गया। इस संबंध में थाना दशाश्वमेध, वाराणसी पर मु0अ0सं0 49/2024 धारा 147/148/149/307/323 आई0पी0सी0 व 07 सी0एल0ए0 एक्ट पंजीकृत हुआ। इसमें अंकित यादव के कई साथियों को स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुख्य अभियुक्त अंकित यादव घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिसपर जनपद वाराणसी पुलिस द्वारा रू0 1,00,000/– का पुरस्कार घोषित किया गया था।

एस0टी0एफ0 वाराणसी द्वारा धरातलीय एवं इलेक्ट्रानिक अभिसूचना संकलन से वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधी अंकित यादव के जनपद पाकुर (झारखण्ड) में लुकछिप कर रहने की बात प्रकाश में आयी। इस सूचना पर उ0नि0 अंगद यादव एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई वाराणसी के नेतृत्व में टीम गठित कर जनपद पाकुर (झारखण्ड) भेजा गया। एस0टी0एफ0 टीम द्वारा जनपद पाकुर में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी कि विश्वस्त सूत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि रू0 1,00,000/– का पुरस्कार घोषित अपराधी अंकित यादव मुहल्ला अन्नपूर्णानगर कॉलोनी के पास मौजूद है। इस सूचना पर एस0टी0एफ0 टीम द्वारा मौके पर पहुॅच कर अंकित यादव को गिरफ्तार कर थाना पाकुर जनपद पाकुर(झारखण्ड) में दाखिल किया गया।

अभिसूचना संकलन एवं गिरफ्तार अभियुक्त से पूछतांछ से पाया गया कि अंकित यादव एक मनबढ किस्म का दबंग अपराधी है। इसका अपने क्षेत्र के कुछ मनबढ किस्म के लडको का एक गैंग बनाया है। यह गैंग आस–पास को लोगों से वसूली आदि का काम करता है। आस–पास के लोगों में इसका इतना भय है कि लोग इसकी शिकायत पुलिस से करने में डरते थे। इसके विरूद्ध मारपीट आदि के कई मुकदमें पंजीकृत हैं।

दिनांक 30–06–2024 को जनपद वाराणसी के थाना दशाश्वमेध क्षेत्रान्तर्गत दिन–दहाडे अंकित यादव उपरोक्त ने अपने गैंग के साथियों के साथ मिलकर अपने प्रतिद्वंदी दिनेश यादव के घर पर चढकर जान मारने की नियत से अन्धाधुन्ध फायरिंग की गयी, जिसमें दिनेश यादव सहित कुल 03 लोग गोली लगने से बुरी तरह से घायल हो गये। मौके पर दहशत का माहौल पैदा हो गया। इस संबंध में थाना दशाश्वमेध पर मु0अ0सं0 49/2024 धारा 147/148/149/307/323 आई0पी0सी0 व 07 सी0एल0ए0 एक्ट पंजीकृत हुआ। अंकित यादव पर जनपद वाराणसी पुलिस द्वारा रू0 1,00,000/–का पुरस्कार घोषित किया गया था।

**<u>अंकित यादव का आपराधिक इतिहास निम्नवत् है:–</u>**

| **क्र0 सं0** | **मु0अ0सं0** | **धारा** | **थाना** | **जनपद** |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 268/18 | 147/186/353/427/506 भादवि व 3 सार्व0सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम | कैण्ट | वाराणसी |
| 02 | 269/18 | 147/353/323/504/427/332/353 भादवि व 3 सार्व0सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम | कैण्ट | वाराणसी |
| 03 | 66/19 | 147/323/452/504/506 भादवि | कोतवाली | वाराणसी |
| 04 | 83/22 | 147/148/307/323/504/506/427 भादवि | कोतवाली | वाराणसी |
| 05 | 49/2024 | 147/148/149/307/323 भादवि व 07 सी0एल0ए0 एक्ट | दशाश्वमेध | वाराणसी |

उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त को थाना पाकुर नगर कोतवाली (झारखण्ड) में दाखिल कर मा0 न्यायालय से ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त करने के संबंध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।